पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

महानिरीक्षक, रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेल श्री राजीव कुमार यादव पुलिस पदक से सम्मानित

जबलपुर 14 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस – 2025 के अवसर **पर श्री राजीव कुमार यादव, महानिरीक्षक, रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** को उनकी उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा **"मेडल फॉर मेरीटोरियस सर्विस" (पुलिस पदक)** से सम्मानित किया गया है। श्री यादव 07 अगस्त 2024 से पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर में महानिरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल के पद पर कार्यरत है। प्रशासनिक सेवा में आने के पश्चात् उन्होंने विभिन्न पदों पर, विभिन्न रेलों, मंडलों एवं कार्यालयों में कार्य किया तथा इस अवधि में कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए अपने प्रशासनिक दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया।

पश्चिम मध्य रेल में उनकी कार्यावधि उल्लेखनीय रही है। उन्होंने ट्रेनों एवं रेलवे परिसर में अपराध रोकथाम हेतु प्रभावी एवं ठोस कदम उठाए, रेलवे सुरक्षा बल के संचालन में विशेष दक्षता प्रदर्शित की तथा स्टाफ एवं जन शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया ।

रेल एवं यात्री सुरक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को राष्ट्र ने सराहा है, जिसे परिणामस्वरूप स्वतंत्रता दिवस - 2025 के अवसर पर उन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया है।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/300/2025 दिनांक 14.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर